नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 10.06.2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 08	क्रम सं0 (Serial No.) 4

वियतनामी यात्री लाल चंदन की तस्करी में गिरफ्तार

■ 11.970 किग्रा चंदन की कीमत करीब 25 लाख रुपए

नई दिल्ली, 9 जून (नवोदय टाइम्स): दिल्ली के आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने एक वियतनामी नागरिक को कीमती लाल चंदन की तस्करी करते हुए पकड़ा है। आरोपी यात्री शनिवार रात 9.00 बजे एक यात्री को निगरानी और खुफिया कर्मचारियों की टीम ने बिहेवियर डिटेक्शन के आधार पर संदिग्ध लगने पर पकड़ा था।

बाद में यात्री की पहचान गुयेन थान तुंग (वियतनामी) के रूप में हुई, जो वियत जेट फ्लाइट संख्या वीजे972 से दिल्ली से हनोई जाने वाले थे। संदेह के आधार पर, उनके चेक-इन बैगेज की गहन जांच के लिए उन्हें रैंडम चेकिंग पॉइंट पर भेजा गया। एक्स-बीआईएस मशीन के माध्यम से उनके बैगेज की जांच करने पर, लॉग के दो टुकड़ों की कुछ संदिग्ध छवियां देखी गईं।

इसके बाद, यात्री को चेक-इन औपचारिकताएं पूरी करने की अनुमति दी गई और शारीरिक और इलेक्ट्रॉनिक उपायों के माध्यम से उस पर कड़ी निगरानी रखी गई, जिसके बाद आरोपी पकड़ा गया।